दिनांक 05.08.2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

निगम भिलाई के नवनियुक्त आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी (आईएएस) ने किया कार्यभार ग्रहण , आते ही बोले डेंगू नियंत्रण पर रहेगा फोकस

भिलाईनगर/ निगम भिलाई के नये आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने सोमवार को कार्यालयीन समय प्रातः 10:30 बजे नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त पद का चार्ज लिया। तत्कालीन आयुक्त एसके सुंदरानी सहित , विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों ने बुके भेंटकर नवनियुक्त आयुक्त का स्वागत किया। बता दें कि श्री ऋतुराज रघुवंशी 2014 बैच के आई.ए.एस. है वे विभिन्न जिलों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं रायगढ़ में सहायक कलेक्टर के पद पर पदस्थ रहे हैं इसके अतिरिक्त जिला पंचायत महासमुंद में सीईओ के पद पर पदस्थ रहे हैं! आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने पदभार ग्रहण करते ही अधिकारियों की बैठक ली डेंगू नियंत्रण पर जोन आयुक्त एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों से डेंगू नियंत्रण के विषय में विस्तृत जानकारी प्राप्त की एवं जोन आयुक्तों को निर्देशित करते हुए कहा कि स्वयं व्यक्तिगत सतत मॉनिटरिंग करें एवं प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट से अवगत करावे , लापरवाही न बरतें गंभीरता से कार्य करें! निगम में चल रहे विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी ली। आयुक्त श्री रघुवंशी ने बैठक के दौरान कहा कि डेंगू से लड़ना प्रारंभिक चुनौती है साथ ही सफाई व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जाएगी। नियमों को ध्यान में रखते हुए निश्चित समय अवधि के अंदर कार्यों को पूर्ण करने की कोशिश की जायेगी। हितग्राही मूलक योजनाएं, चल रहे कार्यों की जानकारी एवं अधिकारी/कर्मचारियों का परिचय प्राप्त कर उनके कार्यों के बारे में पूछा।

जनसम्पर्क अधिकारी

जल है तो कल है

जल ही जीवन है!